1	2	3
11.	कोचीन	4.50
12.	बोंगाईगांव	1.35
	कुल:	51.85

(ख) से (घ) उपर्युक्त रिफाइनरियों में सृजित किये जाने के लिए प्रस्तावित अतिरिक्त शोधन क्षमता निम्न प्रकार से है:

परियोजना/स्थान का नाम	सृजित किए जाने के लिए प्रस्तावित अतिरिक्त क्षमता (मि०मी०टन० प्रति वर्ष)
1. कोयाली रिफाइनरी	3.00
2. बरौनी रिफाइनरी	0.50
3. मद्रास रिफाइनरी	0.90
4. गुवाहटी रिफाइनरी	0.15
5. कोचीन रिफाइनरी	3.00
6. डिगबोई रिफाइनरी	0.15
7. बोंगाईगांव रिफाइनरी	1.00
कुल:	8.7

शून्य गैस प्रज्वलन

3438. **श्री अजीत जोगी:**
श्री छोटू भाई पटेल:

क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शून्य गैस प्रज्वलन परियोजना की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) इन परियोजनाओं को सरकार की स्वीकृति हेतु कब भेजा गया था और इन्हें वास्तव में स्वीकृति कब दी गई;

(ग) इन परियोजनाओं की प्रारम्भिक लागत कितनी थी तथा इनकी संशोधित लागत कितनी है;

(घ) लागत में वृद्धि के क्या कारण है;

(ङ) इस प्रयोजनार्थ विश्व बैंक द्वारा की गई सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(च) इन परियोजनाओं के पूरा होने पर प्राप्त होने वाली अतिरिक्त गैस के उपयोग के संबंध में क्या सुविधाएं दिये जाने का विचार है और इनका वित्त पोषण किस प्रकार किया जाएगा?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) से (घ) "गैस दहन न्यूनीकरण परियोजना" में पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र से प्राकृतिक गैस के संपीड़न और पाइपलाइन परिवहन सुविधाओं में वृद्धि करने का कार्यक्रम है। इसमें निम्नलिखित चार तत्व हैं:—

(1) एन०क्यू०पी०प्रोसेस प्लेटफार्म

(2) एस०एच०जी० प्रोसेस प्लेटफार्म

(3) द्वितीय बेसिन—हाजिरा गैस ट्रंकलाइन और हाजिरा गैस टर्मिनल का विस्तार

(4) आई०सी०पी०—हीरा गैस ट्रंकलाइन

ऊपर (1) और (2) पर उल्लिखित तत्वों के लिए प्रस्ताव अगस्त-सितम्बर, 1990 के दौरान प्राप्त हुई थे और 18 अप्रैल, 1991 को अनुमोदित किए गए थे। ऊपर (3) और (4) पर उल्लिखित तत्वों के लिए प्रस्ताव क्रमशः अप्रैल, 1991 और जून, 1991 में प्राप्त हुए थे और पहली अक्तूबर, 1992 को अनुमोदित हुए थे। इन तत्वों की मूल अनुमानित लागत 4700.93 करोड़ रुपए थी जिसे विनिमय दर में परिवर्तन सीमा शुल्क में परिवर्तन और आम कीमतों में वृद्धि की वजह से संशोधित करके 7669.19 करोड़ रुपए किया गया है।

(ङ) विश्व बैंक ने इन परियोजना के लिए 450 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण की स्वीकृति दी है।

(च) उपलब्ध अतिरिक्त गैस पहले ही डाउनस्ट्रीम उपभोक्ताओं को आबंटित की गई है।

रसोई गैस उपभोक्ताओं का ब्यौरा

3439. **श्री अजीत जोगी:**
श्री छोटू भाई पटेल:

क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 31 अक्तूबर, 1992 की स्थिति के अनुसार